भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं0 834
07 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए

स्मार्ट सिटी मिशन की मुख्य विशेषताएं

834. श्री सुशील कुमार रिंकू:
डॉ. कलानिधि वीरास्वामी:

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) की मुख्य विशेषताएं क्या हैं:
(ख) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान पंजाब और तमिलनाडु में इस मिशन के अंतर्गत स्वीकृत, आबंटित और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है:
(ग) इस मिशन के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य और अब तक प्राप्त उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है;
(घ) पंजाब और तमिलनाडु में इस मिशन के अंतर्गत पहचान किए गए शहरों की संख्या और ब्यौरा क्या है;
(ङ) पंजाब और तमिलनाडु में इस मिशन के अंतर्गत चल रही परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और उन्हें समय पर पूरा करने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है;
(च) क्या सरकार को इस मिशन को निर्धारित समय में पूरा करने में किसी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है; और
(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इन मुद्दों के समाधान के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री कौशल किशोर)

(क) से (छ): भारत सरकार ने 25 जून 2015 को स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम) का शुभारंभ किया। जनवरी 2016 से जून 2018 तक प्रतियोगिता के 4 राउंड के माध्यम से 100 स्मार्ट सिटी का चयन किया गया है।

24 नवंबर 2023 तक, लगभग 1,71,237 करोड़ रु. मूल्य की 7,960 परियोजनाओं में कार्य आदेश जारी किए गए हैं; जिनमें से 1,16,269 करोड़ रु. की 6,271 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। 78,749.88 करोड़ रु. जारी किए गए हैं; जिसमें से 71,135.70 करोड़ रु. (90%) का उपयोग किया जा चुका है।

पंजाब राज्य में, 3 शहरों अर्थात अमृतसर, जालंधर और लुधियाना को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के लिए चुना गया है। तमिलनाडु में, 11 शहरों अर्थात चेन्नई, कोयंबटूर, इरोड, मदुरै, सलेम, तंजावुर, थूथुकुडी, तिरुचिरापल्ली, तिरुनेलवेली, तिरुप्पुर और वेल्लोर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के लिए चुना गया है। पंजाब और तमिलनाडु में परियोजनाओं की स्थिति और स्मार्ट सिटी द्वारा जारी/उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा अनुलग्नक-I में दिया गया है।

शहर स्तर पर एससीएम का कार्यान्वयन प्रयोजनार्थ बनाई गई एसपीवी द्वारा किया जाता है। राज्य स्तर पर, मिशन कार्यान्वयन की निगरानी राज्य स्तरीय उच्चाधिकार प्राप्त संचालन समिति (एचपीएससी) द्वारा की जाती है। राष्ट्रीय स्तर पर, कार्यान्वयन की निगरानी सचिव, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की अध्यक्षता वाली एक शीर्ष समिति द्वारा की जाती है। एसपीवी के बोर्ड में आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के नामित निदेशक नियमित आधार पर संबंधित शहरों में प्रगति की निगरानी करते हैं। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय नियमित रूप से वीडियो कॉन्फ्रेंस, समीक्षा बैठकों, क्षेत्रीय दौरों, क्षेत्रीय कार्यशालाओं आदि के माध्यम से राज्यों/स्मार्ट शहरों के साथ बातचीत करता है। स्मार्ट शहरों का विभिन्न मापदंडों पर लगातार मूल्यांकन किया जाता है, जिसमें रियल टाइम ऑनलाइन भू-स्थानिक प्रबंधन सूचना प्रणाली (जीएमआईएस) के माध्यम से परियोजना का कार्यान्वयन और निधियों का उपयोग शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है।

एससीएम के कार्यान्वयन की अवधि जून 2024 तक बढ़ा दी गई है और पंजाब और तमिलनाडु सहित सभी स्मार्ट सिटी से निर्धारित समय के भीतर अपनी परियोजनाओं को पूरा करने की अपेक्षा की जाती है।

श्री सुशील कुमार रिंकू और डॉ. कलानिधि वीरास्वामी, माननीय सांसद द्वारा एससीएम की मुख्य विशेषताओं के संबंध में दिनांक 07.12.2023 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 834 के भाग (क) से (छ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I

पंजाब और तमिलनाडु के स्मार्ट शहरों की राज्य/शहर-वार प्रगति

(राशि करोड़ रु. में)

राज्य/ स्मार्ट सिटी	एससीएम के तहत जारी कुल निधि (भारत सरकार + राज्य/संघ राज्य क्षेत्र)	इनमें से निधियों का उपयोग	चल रही परियोजना		पूर्ण परियोजना		कुल परियोजनाएं	
			परियोजनाओं की संख्या	राशि	परियोजनाओं की संख्या	राशि	परियोजनाओं की संख्या	राशि
				पंजाब				
अमृतसर	809.65	757.58	9	1,404.20	35	1,189.28	44	2,593.48
जालंधर	759.50	712.44	16	1,163.05	63	432.45	79	1,595.50
लुधियाना	940.00	778.87	22	756.06	56	810.92	78	1,566.98
कुल	2509.15	2248.89 (89.62%)	47	3,323.31	154	2,432.65	201	5,755.96
				तमिलनाडु				
चेन्नई	1,058.58	939.36	3	203.02	45	893.86	48	1,096.88
कोयंबटूर	990.00	987.90	8	602.07	64	852.75	72	1,454.82
इरोड	990.00	915.43	11	224.45	43	1,079.67	54	1,304.12
मदुरै	990.00	948.42	-	-	16	1,899.66	16	1,899.66
सलेम	990.00	972.65	9	219.65	101	1,648.10	110	1,867.75
तंजावुर	990.00	966.02	9	157.80	96	845.53	105	1,003.33
थुथुकुडी	990.00	918.50	7	279.85	64	781.27	71	1,061.12
तिरुचिरापल्ली	990.00	898.82	15	357.80	68	1,189.88	83	1,547.68
तिरुनेलवेली	990.00	898.14	21	217.13	63	1,627.04	84	1,844.17
तिरुपूर	989.00	933.42	4	269.21	24	2,601.19	28	2,870.40
वेल्लोर	980.00	895.86	7	126.79	46	1,969.04	53	2,095.83
कुल	10,947.58	10,274.52 (93.85%)	94	2,657.77	630	15,387.99	724	18,045.76

(स्रोत: 24 नवंबर 2023 तक भू-स्थानिक प्रबंधन सूचना प्रणाली)